# कार्यों में पारदर्शिता और सुशासन के लिए ई-फाइल जरूरी : कलेक्टर

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि राजकीय कार्यों में पारदर्शिता और सुशासन के लिए ई-फाइल राज्य सरकार की प्राथमिकता है। कामकाज समय सीमा में संपन्न कराने के लिए व्यवस्था लागू की है।

सभी विभागीय कार्मिकों को प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिला कलक्ट्रेट कार्यालय में भी ई-फाइल से ही सम्पूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। जिले के समस्त कार्मिक भी कार्य ई-फाइल से ही सम्पादित करें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी किसी भी प्रकार की फाइल ऑफलाइन नहीं लेंगे।

जिला कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को ई-फाइल, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल और जनसुनवाई विषयों पर समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिला कलेक्टर ने 30 अप्रैल तक सभी विभागों को पूर्णतयाः ई-फाइल पर आने के सख्त निर्देश दिए है। मुख्य सचिव द्वारा इस संबंध में लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसलिए किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को राजकाज की अपनी आईडी पर लम्बित फाइलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसी आधार पर जिला, उपखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यों की मॉनिटरिंग रही है। उन्होंने कहा कि नई पत्रावलियां अब ई मोड पर ही खोली जाएं। साथ ही पुरानी चालू फाइलों को स्कैन कराकर ही कार्य में लें।



हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

- सम्पर्क पोर्टल पर लापरवाही बरतने पर शिक्षा अधिकारियों को 17 सीसी नोटिस देने के निर्देश दिए
- कलेक्टर ने की विभागवार ई-फाइल पेंडेंसी और निस्तारण समय की समीक्षा

उन्होंने कहा कि ई-फाइल होने पर राजकाज मोबाइल एप के जरिए भी कहीं से और कभी भी फाइलों को निस्तारित किया जा सकता है। यह प्रक्रिया सुगम और सुविधाजनक है। जिला कलेक्टर ने विभागवार ई-फाइल पेंडेंसी और निस्तारण समय की समीक्षा भी की।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल प्रकरण निर्धारित समयावधि में ही पूरी संवेदनशीलता से गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें। शिकायतकर्ता को निस्तारण कार्यवाही के बारे में बताकर संतुष्ट करें, उसके बाद ही प्रकरण बंद करें। यहां भी अनावश्यक देरी पर कार्रवाई होगी। विभाग और उपखंड स्तर पर उच्चाधिकारी नियमित प्रकरणों की समीक्षा करें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर प्रकरणों को एक-दूसरे के पास भेजने के बजाय स्वयं समाधान कराएं। उन्होंने सभी विभागों को इसी माह अधिकांश प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गलत तरह से प्रकरण रिजेक्ट करने वालों पर भी कार्रवाई होगी। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को भी शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने राज सम्पर्क पोर्टल पर दिसम्बर 2023 के प्रकरण में लापरवाही बतरने पर सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को 17 सीसी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिकों भी लंबित प्रकरणों का समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित करें। अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदी लाल मीना ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयों में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## एसबीबीजे भवन का लोकार्पण

**बीकानेर, (कासं)।** द बीकानेर एंड जयपुर बैंक एम्पलाइज हाउसिंग कॉपरेटिव सोसायटी के भवन एसबीबीजे भवन का लोकार्पण भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबन्धक विजय कुमार ने किया।

मोहन नगर में बने भवन में कार्यालय, मीटिंग हॉल, दो बैडरूम व किचन युक्त भवन के लोकार्पण के समय उप महाप्रबन्धक ने कम्मू खां, बिहारी लाल शर्मा, चार्टर्ड एकाउंटटेंट के. डी. सेवग व पूर्व सचिव एन. के. पुरोहित का माल्यार्पण, शॉल ओढाकर व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप महाप्रबन्धक को भी सम्मानित किया गया।

लोकार्पण से पूर्व मनमोहन पुरोहित आचार्यत्व, दीपक व्यास, मयंक व्यास व शुभम व्यास द्वारा दो दिवसीय पूजा व हवन कर्म कराये गये। इस अवसर पर समिति की आमसभा सम्पन्न हुई जिसमें अध्यक्ष आर. के. शर्मा ने समिति की प्रगति रिपोर्ट सदन में रखी व प्रस्ताव रखे जिससे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

बैठक में दिवंगत एच. के. मीणा, डी. आर. शर्मा व बुद्धदेव कौड़ा सहित अन्य को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में बैंक संगठन के पूर्व चेयरमैन अरूण प्रकाश गुप्ता, जी. एस. खत्री, एम. एम. गर्ग, वी. के. शर्मा व वाई. के. शर्मा योगी ने विचार रखे। आभार समिति सचिव के. एन. आर्य ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व सहायक महाप्रबंधक आई, सी. बच्छावत, एसपी सोबती मौजूद थे।

## कार व बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**बीकानेर, (कासं)।** लूणकरनसर में कालू रोड पर बाइक व कार की टक्कर में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा मंगलवार रात करीब नौ बजे का है। घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया

जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब नौ बजे कालू रोड पर कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार कई फीट उछलकर दूर जा गिरा। हादसे के बाद कार सवार वहां से फरार हो गया। उसके सिर में गंभीर चोट आई।

- बाइक सवार के सिर में गंभीर चोट आने से हुई मौत

आसपास मौजूद लोगों ने घायल को एम्बुलेंस में अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया मृतक युवक की पहचान संजय नाथ पुत्र पप्पू नाथ उम्र 20 वर्ष निवासी लूणकरनसर के रूप में की गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**नगदी व सोने की चैन छीनी :** मुक्ता प्रसाद नगर पुलिस थाने में गाड़ी को टक्कर मारने, चालक के साथ मारपीट कर नगदी व सोने की चैन छीनने का मामला सामने आया है। इस आशय की रिपोर्ट रामपुरा गली नम्बर 9 निवासी हंसराज पुत्र ईमीचन्द ने पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि 20 अप्रैल को रामपुरा बस्ती गली नंबर 18 में से जा रहा था।

इसी दौरान आरोपियों ने उसकी गाड़ी के पीछे टक्कर मारकर गाड़ी रूकवाई। उसके बाद आरोपियों ने मारपीट एवं गाली-गलौज की तथा गाड़ी में रखे 75 हजार रूपए व सोने की चैन छीनकर ले गए। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर आरोपी सोनू, बाबू व मूलसिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**फंदे से लटका :** शहर के नया शहर थाना इलाके के प्रताप बस्ती में रहने वाले व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार में नया शहर थाना इलाके के प्रताप बस्ती के रहने वाले कैलाश चंद्र पुत्र बाबू प्रसाद उम्र 53 वर्ष अपने घर पर फांसी के फंदे पर झूल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची मृतक के शव को कब्जे में लेकर मृतक का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने मृतक के पुत्र कमल कुमार की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी।

**जेवर व नगदी चोरी :** यहां नयाशहर पुलिस थाना क्षेत्र के नत्थूसर बास में स्थित एक घर में घुस चोर सोने व चांदी के जेवरात और नगदी ले गए। घर मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार नत्थूसर बास में रहने वाले कैलाश नारायण जोशी पुत्र ब्रजरतन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर मेरे घर में घुस आए और अलमारियों के ताले तोड़कर उनमें से सोने की तीन अंगूठी, पायजेब, बिछिया, नोजपिन सहित 15-20 हजार रूपए की नगदी चोरी कर ले गए। मामले की जांच हैड कांस्टेबल शीशराम कर रहे हैं।

## यादें बिनाका गीत माला 28 को

**बीकानेर, (कासं)।** टाउन हॉल में अमन कला केन्द्र द्वारा 28 अप्रैल को शाम 7 बजे टाउन हॉल में मोहम्मद रफी जन्म शताब्दी वर्ष व मशहूर रेडियो एनाउंसर अमीन सयानी को याद करते हुए रंगारंग फिल्मी गीतों का कार्यक्रम यादें बिनाका गीत माला की कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

अमन कला केन्द्र अध्यक्ष मो रफीक कादरी ने बताया कि इस अवसर पर पार्श्व गायक संगीतकार रफीक सागर का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर उपाध्यक्ष कांग्रेस अरविंद मिड्ढा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलका डोली पाठक, शिक्षाविद व समाजसेवी एन. डी. रंगा करेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ प्रवीण चतुर्वेदी, डॉ हिमांशु दाधीच, सैयद अख्तर अली, यशपाल नागपाल, डॉ मुकेश सिंघल, मोहम्मद सदीक चौहान, एम. आर. मुगल, रहमत अली, अहमद हारून कादरी, समुद्र सिंह राठौड़, नेमचंद गहलोत, यशबंशी माथुर, धर्मेन्द्र सोनी, संजीव ऐरन होंगे। अनवर अजमेरी ने बताया कि बीकानेर के जाने-माने गायक कलाकार मोहम्मद रफी साहब के साथ-साथ अन्य कलाकारों के गीत प्रस्तुत करेंगे।

## बसों के चालक आपस में भिड़े, मामला दर्ज

**बीकानेर, (कासं)।** बसों के संचालन में रूट को लेकर आएं दिन निजी बस चालकों में विवाद की स्थिति बनी रहती है। कभी कभी यह विवाद मारपीट जैसी घटना में परिवर्तित हो जाता है। जिसके चलते तनाव के हालात पैदा हो जाते है। बीकानेर के ग्रामीण रूट पर चलने वाली बसों के चालक आपस में भिड़ गए।

आरोप लगाया है कि बस को बस के आगे लगाकर रोका तथा लाठी, सरियों व लोहे की रॉड से मारपीट की। बस में तोड़फोड़ करने के साथ बुकिंग की राशि छीन ली। इस आशय का मामला जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस थाने में दर्ज किया गया है। सांवतसर गांव निवासी मांगीलाल विश्नोई पुत्र शंकरलाल ने बस चालक सूडसर निवासी भंवरलाल पुत्र धन्नाराम, उसके भाई काशीराम व महेश, महेन्द्र पुत्र रामलाल व राकेश तथा चार पांच अन्य पर आरोप लगाया है।

रिपोर्ट में बताया कि उसकी बस पिछले दो सालों से सांवतसर-बीकानेर के बीच चल रही है। मंगलवार दोपहर दो बजे बीकानेर के म्यूजियम सर्किल से सवारियां लेकर सांवतसर के लिए रवाना हुआ था।

- एक बस चालक पर बस में तोड़फोड़ करने तथा बुकिंग की राशि छीनने का आरोप
- लाठी, सरियों व रॉड से मारपीट

आरोप है कि उसकी बस छात्रावास के नजदीक पहुंची ही थी कि पीछे से आरोपी भंवरलाल भादू दो बसें लेकर आया और उसकी बस के आगे बसों को खड़ा कर दिया।

आरोप है कि आरोपियों ने उसको गालियां निकालते हुए उसके साथ मारपीट की तथा बस में तोड़फोड़ की तथा बुकिंग की राशि छीन ली। आरोपियों ने इस रूट पर बस चलाने पर जान से मार देने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सी.एच.सी. में महिला के हुए जुड़वा बच्चे

**सीकर, (निसं)।** चिकित्सा विभाग की ओर से आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है। बुधवार को पिपराली गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया।

सीएचसी पिपराली के प्रभारी अधिकारी डॉ वासुदेव सैनी ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह के निर्देशन में क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवा एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। बुधवार की सुबह भैरूजी स्टैण्ड पिपराली की रहने वाली सुमन रानी को परिजन अस्पताल लेकर आए। इस पर डॉ पूजा ने उनके स्वास्थ्य की जांच की और प्रसव के अस्पताल में भर्ती किया। महिला दो बच्चों को जन्म दिया। महिला का यह तीसरा प्रसव है। पहले उसके एक लड़का व लड़की हैं। इसको देखते हुए डॉ पूजा ने उसके स्वास्थ्य की सम्पूर्ण जांच की और अस्पताल में सुरक्षित प्रसव करवाया। जच्चा व बच्चा स्वास्थ्य है। उन्होंने बताया कि सीएचसी पिपराली में पहली बार ट्विन्स (दो बच्चे) प्रसव करवाया गया है। इस कार्य में डॉ पूजा, डॉ रामनिवास, डॉ वासुदेव, डॉ राहूल, नर्सिंग स्टाफ शमशेर खान, भंवरी देवी, सुमन, परमेश्वरी, एएनएम संगीता ने सहयोग किया।

## सरसों से लदी पिकअप चोरी

**हनुमानगढ़, (कासं)।** धानमंडी में एक दुकान के आगे 25 क्विंटल सरसों से लदी पिकअप गाड़ी चोरी हो गई।

वारदात 18 अप्रैल की बताई जा रही है। मामला हनुमानगढ़ टाउन मंडी का है। चक 12 एमडब्लयूएम चौहियांवाली रोही निवासी कालूराम जाट ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि 18 अप्रैल को उसने पिकअप में चौहियांवाली निवासी बनवारी लाल मेघवाल की 25 क्विंटल भरकर टाउन स्थित धानमंडी दुकान नम्बर 121 के आगे अपनी पिकअप खड़ी कर चला गया। जब वापस लौटा तो उसकी पिकअप गाड़ी वहां नहीं थी। कोई पिकअप व 25 क्विंटल सरसों चोरी कर ले गया।

## गंगनहर में सफाई के नाम पर खानापूर्ति, ए.सी.एस. को शिकायत

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** गंगनहर पुल में बेड एवं नहर के साइडों में सफाई के नाम पर फिर खानापूर्ति की गई है। यह कहते हुए भाजपा नेता एडवोकेट रजत स्वामी ने जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार से शिकायत की है।

स्वामी ने एसीएस को भेजी शिकायत में बताया है कि गंगनहर जल संसाधन वृत गंगनहर के अधिकारी राज्य सरकार की ओर से प्रदत्त शक्तियों को प्रोजेक्ट कमेटी के आगे सरेंडर करते हुए करोड़ों रूपए का नुकसान कर रहे हैं। भाजपा नेता स्वामी ने बताया कि आरडब्लूएसआरपी अधिनियम में स्पष्ट कहा गया है कि वृहत और मध्यम परियोजनाओं की मुख्य नहर, उनकी शाखाओं ओर बड़ी वितरिकाओं के प्रचालन ओर रख-रखाव का दायित्व/सिंचित क्षेत्र के विकास का कार्य जल संसाधन विभाग का ही होगा। स्वामी ने बताया कि 95 किलोमीटर लंबी गंगनहर में बेड एवं साइडों में सफाई, मलबा कचरा और सिल्ट उठाव के कार्य का टेंडर किया गया था। जबकि अभी तक सफाई के नाम पर 18 से 20 किलोमीटर में ही कार्य हुआ है, जो महज खानापूर्ति है।

- सफाई के नाम पर 20 किलोमीटर में ही कार्य होने का आरोप

स्वामी ने बताया कि एसएसबी रोड स्थित गंगनहर पुल में सफाई के नाम पर खानापूर्ति करते हुए नहर में जमा सिल्ट-कचरा-मलबा नहर में ही एक साइड में इकठ्ठा कर दिया था जो नहर में पानी आने के साथ नहर में ही आगे बहकर चला गया। इससे नहर का पानी दूषित हो गया।

## मौलाना अशरफी का अप्रकाशित साहित्य प्रकाश में लाया जायेगा : सोलंकी

**बीकानेर, (कासं)।** प्रज्ञालय संस्थान एवं श्री जुबिली नागरी भण्डार पाठक मंच द्वारा उर्दू के वरिष्ठ शायर मौलाना अब्दुल वाहिद अशरफी की स्मृति में शब्दांजलि-भावांजलि का आयोजन नागरी भण्डार स्थित सुदर्शन कला दीर्घा में किया गया।

स्व. मौलाना अशरफी को नमन करते हुए वरिष्ठ साहित्यानुरागी नंदकिशोर सोलंकी ने कहा कि उन्हें सच्ची श्रंद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके साहित्य को जन-जन तक ले जायेंगे। इसी संदर्भ में प्रज्ञालय संस्थान एवं श्री जुबिली नागरी भण्डार पाठक मंच द्वारा प्रदेश में पहली बार नवाचार करते हुए यह निर्णय लिया है कि उर्दू हिन्दी एवं राजस्थानी के कीर्तिशेष पुरोधा साहित्यकारों का अप्रकाशित साहित्य जो जरूरी होगा को प्रकाश में लाने में संस्थागत स्तर पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

इस कड़ी में प्रथम प्रयास स्व. मौलाना के अप्रकाशित साहित्य के बारे में किया जायेगा। स्मृति सभा में मौलाना अशरफी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर बोलते हुए वरिष्ठ शायर ज़ाकिर अदीब ने कहा कि वे कई भाषाओं के ज्ञाता तो थे ही साथ ही उन्होंने उर्दू और अरबी भाषा में साधना करते हुए भाषायी स्तर पर प्रशिक्षण आदि देकर अपनी सृजनात्मक भूमिका निभाई। राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने कहा कि मौलाना अशरफी की शायरी मानवीय संवेदना एवं चेतना की सशक्त पैरोकार है साथ ही वे उच्च जीवन मूल्यों को सच्चे अर्थों में जीने वाले थे।




उर्दू के वरिष्ठ शायर मौलाना अशरफी को नंदकिशोर सोलंकी व कमल रंगा ने श्रद्धांजलि दी।

- नागरी भण्डार पाठक मंच द्वारा नवाचार करते हुए यह निर्णय लिया गया है

वरिष्ठ कवयित्री इन्द्रा व्यास ने कहा कि मौलाना अशरफी अपनी कृतियों के माध्यम से हमेशा हमारे बीच जिंदा रहेंगे। उनका साहित्य ही उनका वंशज है। इसी क्रम में वरिष्ठ शायर इशहाक गौरी शफक ने उन्हें प्रतिभाशाली व्यक्तित्व का धनी बताते हुए उनसे जुडे हुए कई अनछुए प्रसंग साझा किए। वरिष्ठ व्यंग्यकार अजय जोशी ने कहा कि उनका न रहना सामाजिक क्षति है। कथाकार राजाराम स्वर्णकार ने कहा कि वे साहित्य साधना के साथ-साथ उच्च मानवीय व्यवहार के सशक्त पक्षधर थे। वरिष्ठ शायर डॉ. ज़िया उल हसन कादरी ने उनकी शिक्षण संबंधी सेवाओं को रेखांकित किया।

## पारम्परिक गीत, नृत्य एवं गोठ के साथ 'म्हारी गणगौर उत्सव' सम्पन्न

**बीकानेर, (कासं)।** रमक झमक में आयोजित दो दिवसीय 'म्हारी गणगौर उत्सव' गीत, नृत्य एवं गोठ के साथ सम्पन्न हुआ।

रमक झमक की लक्ष्मी देवी ओझा ने बताया कि संतोष आचार्य, भंवरी देवी छंगाणी, सुशीला देवी आचार्य, प्रीति ओझा ने गणगौर के सुबह में गाए जाने वाले गीत, रामप्यारी चूरा की पार्टी ने दोपहर के बासा व पानी पिलाने के गीतों की प्रस्तुतियां दी। वहीं पूजा आचार्य, फूनी किराडू एवं सुधा पुरोहित की गणगौर महिला मण्डली ने 'इणगी री त्यों कीतयां भंवरजी इणगी ढल आई है..तथा ईसर जी तो पेचो बांधे, गवरजा बाई पेच संवारे ओ राज.. सहित ईसर के भांग गीतों की प्रस्तुतियां दी।

इसके साथ ही समापन पर सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से कोलकाता के लोक कवि और गणगौर गीतों के लेखक स्व. घनश्याम आचार्य द्वारा रचित गीत 'आओ धरती पर इण बार लेकर नयो कोई अवतार थाने पूजो बारम्बार मनसा पूरोजी' गाकर मां गवरजा से सबकी कामना पूरी करने की प्रार्थना की। उपस्थित अन्य महिलाओं ने भी साथ में टेर भरी व गीत साथ दिया। आयोजन में बालिकाओं युवतियों के साथ वरिष्ठ वर्ग की महिलाओं ने गवरजा के गीत पर नृत्य किया। बालिका नियति ओझा, कु.सिद्धि जोशी ने गवरजा गीतों की पैरोडी पर नृत्य किया। वयोवृद्ध रामकंवरी, संगीता देवी ने भी गणगौर के समक्ष भावमय हो घूमर नृत्य भी किया। इस अवसर पर मां गवरजा के ढोकला रसमधुरी भुजिया व पान का गोठ भोग लगाया गया।




पारम्परिक गीत, नृत्य एवं गोठ के साथ 'म्हारी गणगौर उत्सव' में गीत गाती महिलाएं।

## सार-समाचार

### सेवाभावी लोगों का सम्मान किया



श्री बजरंग धोरा विकास समिति ने सेवाभावी लोगों का सम्मान किया।

**बीकानेर, (कासं)।** श्री बजरंग धोरा विकास समिति द्वारा श्री बजरंग धोरा धाम मंदिर प्रांगण में समाज सेवा के क्षेत्र में सेवाभावी लोगों का सम्मान किया गया। विकास समिति के आशीष दाधीच ने बताया कि पिछले 30 साल से सावधान इंडिया 077 संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर दिनेश सिंह भदौरिया व अन्य सम्मानित लोग समाज भलाई के कार्य करते आ रहे हैं। ज्ञात हो कि ठाकुर दिनेश सिंह भदौरिया के द्वारा अब तक 135 से अधिक बार रक्तदान करने व कोरोना काल में 175 से अधिक कोरोना अथवा अन्य कारणों से मृत व्यक्तियों का विधि विधान से अंतिम संस्कार करने के संबंध जैसे उत्कृष्ट कार्यों से प्रेरित होकर मंदिर के प्रधान पुजारी मनमोहन दाधीच, पंडित बृजमोहन दाधीच और वासुदेव सुथार के द्वारा मंदिर का प्रतीक चिन्ह मोमेंटो, दुपट्टा ओढ़ाकर इनका सम्मान किया। इस अवसर पर कोरोना काल व अन्य जगहों पर सेवाकार्यों में भदौरिया के सहयोगी रहते आये सैय्यद अख्तर भाई चूडीगर तथा सेवा भावी सेवानिवृत बैंक कर्मचारी नेता सुनील दत्त नागल, कमलकांत सोनी का भी सम्मान किया गया। इस दौरान बीछवाल थाना प्रभारी धीरेन्द्र सिंह मौजूद थे।

### ध्रुव सेवदा जिलाध्यक्ष मनोनीत

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा प्रदेश युवा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। राजस्थान ब्राह्मण महासभा प्रदेश महामंत्री संगठन देवेन्द्र सारस्वत ने बताया कि बीकानेर शहर जिलाध्यक्ष सुशील पंचारिया की अनुशंसा से राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट रामानुज शर्मा द्वारा युवा प्रकोष्ठ बीकानेर शहर जिलाध्यक्ष पद पर ध्रुव सेवदा को मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार से युवा प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारणी का विस्तार करते हुए बीकानेर के दिपांशु पांडे को प्रदेश उपाध्यक्ष, राजीव पंचारिया प्रदेश महामंत्री, धनंजय सारस्वत प्रदेश प्रचार मंत्री तथा अक्षय पारीक को प्रदेश संयुक्त मंत्री युवा प्रकोष्ठ के पद पर मनोनीत किया गया है। राजस्थान ब्राह्मण महासभा की युवा प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी में बीकानेर से प्रतिनिधित्व देने पर प्रदेश महामंत्री संगठन देवेन्द्र सारस्वत, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रवण पालीवाल, पंडित उमाचरण सुरोलिया, पंडित जगदीश प्रसाद गौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष सोहनलाल उपाध्याय, राकेश ओझा, किशन कुमार पांडे तथा प्रदेश संगठन मंत्री मगन पाणेचा ने प्रसन्नता जताई है।

### डीपीसी के लिए ज्ञापन सौंपा

**बीकानेर, (कासं)।** शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष कमल नारायण आचार्य ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, शासन सचिव शिक्षा कृष्ण कुणाल व शिक्षा निदेशक आशीष मोदी को पत्र लिखकर कनिष्ठ सहायक भर्ती 1986 को वरिष्ठता एवं डीपीसी चयन का लाभ देने के संबंध में पुरजोर मांग की है। आचार्य ने बताया कि संघ के द्वारा लगातार मांग की जाती रही है। वरिष्ठता निर्धारण कर रिव्यु डीपीसी प्रकरणों को तत्कालिक निस्तारित किया जाये। उल्लेखनीय है लम्बे समय से विभाग के द्वारा उच्च न्यायालय के द्वारा निर्णय दिये जाने के बावजूद इस प्रकरण को डीपीसी एवं सामान्य प्रशासन अनुभागों द्वारा जानबूझकर लम्बित किया जा रहा है। आचार्य ने यह भी बताया कि पत्र की प्रति इन्द्रा चौधरी, उपनिदेशक (प्रशासन), जिला शिक्षा अधिकारी डीपीसी माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर सहित समस्त मण्डलों के संयुक्त निदेशकों को भी दी गई है।

### उस्मान गनी भाजपा से निष्कासित

**बीकानेर, (कासं)।** भाजपा प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने बीकानेर शहर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष उस्मान गनी को पार्टी का अनुशासन भंग करने के आरोप में भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से 06 साल के लिए निष्कासित किया है। भाजपा प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने बताया कि बीकानेर शहर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष उस्मान गनी द्वारा इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर भाजपा की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया था। जिसके बाद पार्टी ने संज्ञान लेते हुए उस्मान गनी के इस कृत्य को अनुशासन भंग मानते हुए 06 साल के लिए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया है।

### डॉ. युनूस चीफ वार्डन नियुक्त

**बीकानेर, (कासं)।** सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने बुधवार को एक आदेश निकाल कर एसोसिएट प्रोफेसर एनीस्थिसिया डॉ. मोहम्मद युनूस खिलजी को बॉयज हॉस्टल (यूजी) के मुख्य वार्डन के पद पर नियुक्त किया है। इस आदेश में डॉ. युनूस को तुरंत प्रभाव से पद भार ग्रहण करने का आदेश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व इस पद पर टीबी एंड चेस्ट विभाग के प्रोफेसर डॉ राजेंद्र सौगत कार्यरत थे। जिन्होंने स्वेच्छा से चीफ वार्डन पद से अपना त्याग पत्र दिया है। डॉ. युनूस पेनमैनेजमेंट विशेषज्ञ भी है।

### 1 मई को मनाया जाएगा श्रमिक दिवस

**झुंझुनूं, (निसं)।** श्रमिक दिवस प्रतिवर्ष 1 मई को मनाया जाता है। इस दिवस को अधिक से अधिक संख्या में श्रमिक अपने साथी श्रमिकों एवं परिजनों के साथ मना सके इस उद्देश्य से जिले के सभी औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संस्थानों के नियोजकों से तथा जिले के सार्वजनिक उपक्रमों के प्रबंधकों से श्रम कल्याण अधिकारी की ओर से अपील की है कि वे 1 मई को सवैतनिक अवकाश घोषित कर श्रमिकों को यह दिवस मनाने में सहयोग प्रदान करें।